Naidunia (Indore), 19th August 2026, Naidunia City, Page - I

आइआइटी पहुंचीं 50 छात्राएं करियर की संभावना समझी

प्रोफेसर से जाना विज्ञान, तकनीक और इंजीनियरिंग में भविष्य



आइआइटी कैंपस में उपस्थित छात्राएं और अन्य। ● सौजन्य

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर: फ्लो इंदौर ने 50 छात्राओं को आइआइटी कैंपस का भ्रमण कराया। इसका उद्देश्य छात्राओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित विषयों में करियर की संभावनाओं से परिचित कराना था। फ्लो इंदौर की कार्यशाला में छात्राओं के लिए भौतिकी विभाग के प्रो. रघुनाथ साहू का विशेष सत्र रखा। श्रद्धा शासकीय कन्या विद्यालय की इन छात्राओं को प्रो. रघुनाथ साहू ने सरल भाषा में इन विषयों की उपयोगिता और इनमें करियर के अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विज्ञान हमारे रोजमर्रा के जीवन से जुड़ा है। तेजी से बदलती दुनिया में तकनीक की भूमिका लगातार बढ़ रही है। इंजीनियरिंग नई तकनीकों और नवाचार को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। गणित कई विषयों की बुनियाद है। सत्र के दौरान छात्राओं ने पढ़ाई, स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम, करियर के अवसर और इन विषयों के क्षेत्र में आगे बढ़ने के तरीकों को लेकर कई सवाल पूछे। इसके बाद छात्राओं ने आइआइटी के कैंपस, खेल परिसर और विभिन्न प्रयोगशालाओं का भी भ्रमण किया। छात्राओं ने संस्थान के शैक्षणिक माहौल और सुविधाओं को करीब से देखा। फ्लो इंदौर की चेयरपर्सन वंदना गुजराती ने कहा कि शिक्षा हर व्यक्ति का अधिकार है। कार्यशाला का नेतृत्व रूबी मल्होत्रा कर रही हैं। जबकि सह नेतृत्व रुचि गुप्ता रही हैं।